# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 06 अप्रैल 2025



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:




GK SEARCH ENGINE



Praveen Kumar Sharma

**GK Search Engine**

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON
Google Play

**Download App**

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार 25 (जीआईटीबी) का 14वां संस्करण 4-6 मई, 2025 को कहां आयोजित किया जाएगा?**

(A) उदयपुर

**(B) जयपुर**

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

*♦राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार 25 (जीआईटीबी) का 14वां संस्करण 4-6 मई, 2025 को जयपुर, राजस्थान में आयोजित किया जाएगा।*

*♦ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाज़ार (जीआईटीबी) 2008 में अपनी स्थापना के बाद से 13 वर्षों से जयपुर, राजस्थान में आयोजित किया जा रहा है।*

*♦जीआईटीबी एक अखिल भारतीय, विशिष्ट इन-बाउंड पर्यटन मंच है, जिसे पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार (मेजबान राज्य), पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार और फिक्की द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाता है।*

**01.राजस्थान टेक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी-2025 के तहत राज्य में कितने नए टेक्सटाइल पार्क विकसित होंगे**

(a) 4

(b) 7

(c) 5

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ राजस्थान सरकार ने प्रदेश में 'राजस्थान टेक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी-2025' लागू की है।राज्य में 'फाइबर से फैशन तक' के विजन के साथ यह नीति लागू की गई है।

♦इस नीति के माध्यम से 5 नए टेक्सटाइल पार्क विकसित करने के साथ ही, नई व विस्तारित हो रही परिधान निर्माण इकाइयों को सहायता दी जाएगी।

♦यह नीति प्रदेश को आधुनिक टेक्सटाइल एवं अपैरल विनिर्माण के नए केन्द्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। इस नीति में पर्याप्त और आकर्षक वित्तीय इन्सेंटिव्स के प्रावधान किए गए हैं

**02.राजस्थान में 10वीं और 12वीं बोर्ड में फेल होने वाले छात्रों के लिए ऑन डिमांड एग्जाम कॉन्सेप्ट कब से लागू होगा?**

(A) 31 दिसम्बर 2025

(B) 1 जनवरी 2026

(C) 1 जुलाई 2025

(D) इनमें से कोई नही

SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

♦राजस्थान सरकार ने 10वीं और 12वीं बोर्ड में फेल होने वाले छात्रों के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब ऑन डिमांड एग्जाम कॉन्सेप्ट के तहत विद्यार्थियों का साल बर्बाद किए बिना फिर से परीक्षा देकर अगली कक्षा में प्रवेश ले सकेंगे

♦ इस योजना को मुख्यमंत्री स्तर से मंजूरी मिल चुकी है और शिक्षा विभाग 1 जुलाई से इसकी शुरूआत करने की तैयारी में है।

♦जयपुर, बीकानेर और उदयपुर में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे, जहां एक दिन में एक विषय के अधिकतम 50 छात्र परीक्षा दे सकेंगे।

03. हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा वाइब्रेंट विलेजेज़ कार्यक्रम-II राजस्थान के किस जिले में लागू किया जाएगा?

(a) बाड़मेर

(b) श्रीगंगानगर

(c) बीकानेर

(d) उपर्युक्त सभी

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

♦देश के सीमावर्ती क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वाइब्रेंट विलेजेज़ कार्यक्रम-II को मंजूरी दी है.

♦राजस्थान के 5 सीमावर्ती जिलों (बाड़मेर, फलोदी, जैसलमेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर) को लाभ मिलेगा

♦इस कार्यक्रम के लिए ₹6,839 करोड़ की राशि तय की गई है.

♦वीवीपी-II के तहत सीमावर्ती गांवों में आधारभूत ढांचे का विकास, सड़क संपर्क, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, स्वच्छ पेयजल, डिजिटल कनेक्टिविटी, और स्थानीय आजीविका के साधनों को बढ़ावा दिया जाएगा.

04.राजस्थान सरकार ने राज्यभर में 'रास्ता खोलो अभियान' को लागू करने का फैसला लिया है, यह अभियान सर्वप्रथम कहां शुरू किया गया था?

(A) बीकानेर

(B) नागौर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

✅ राजस्थान सरकार ने राज्यभर में 'रास्ता खोलो अभियान' को लागू करने का फैसला लिया है। यह अभियान पहले नागौर जिले में सफलतापूर्वक चलाया गया था, जहां इससे हजारों किसानों और ग्रामीणों को वर्षों से बंद रास्तों के खुलने से बड़ी राहत मिली थी।

♦अब सरकार ने इसे एक महीने तक पूरे प्रदेश में चलाने का निर्णय लिया है।

♦ इस अभियान की पहल वर्ष 2021 में नागौर के तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने की थी।

♦अब इसे पूरे प्रदेश में प्रत्येक बुधवार को चलाया जाएगा।

05. हाल ही में राजस्थान तीरंदाजी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कौन बने हैं ?

(A) जवाहर सिंह बेढम

(B) सुरेंद्र सिंह गुर्जर

(C) दीपेंद्र सिंह

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

➥राजस्थान राज्य ओलिंपिक संघ, भारतीय तीरंदाजी संघ और राज्य क्रीड़ा परिषद के पर्यवेक्षकों की निगरानी में धौलपुर में राजस्थान तीरंदाजी संघ के प्रदेश स्तरीय चुनाव एक निजी होटल में संपन्न हुए।

♦दीपेंद्र सिंह को राजस्थान तीरंदाजी संघ के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली।

♦नई कार्यकारिणी में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम को चेयरमैन चुना गया।

♦सुरेंद्र सिंह गुर्जर महासचिव और लोकेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष बने।.

06. स्मार्ट सिटी योजना के सफल क्रियान्वन में राजस्थान का कौन सा जिला देश में दूसरे स्थान पर है?

(a) जयपुर

(b) उदयपुर

(c) अजमेर

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦स्मार्ट सिटी योजना में संपूर्ण देश में सूरत के बाद राजस्थान का उदयपुर दूसरे स्थान पर♦ उदयपुर के अलावा राजस्थान प्रदेश से अजमेर, कोटा और जयपुर भी इस योजना में शामिल

♦ उदयपुर राजस्थान का एकमात्र ऐसा शहर था जो लक्षित 112 में से सारे के सारे काम करवाने में सफल रहा।

♦भारत सरकार ने राजस्थान में शेष 10% परियोजनाओं को पूरा करने के लिए मिशन की अवधि 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दी थी, स्मार्ट सिटी योजना 31 मार्च को खत्म को हो गई हैं

♦केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के कोटा, अजमेर, जयपुर व उदयपुर (KAJU) जिलों में वर्ष 2016 में इस योजना को लॉन्च किया गया था।

**07. अंतरराष्ट्रीय स्तर का विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त पंचकर्म केंद्र राजस्थान में कहां बनकर तैयार हो गया है?**

(A) उदयपुर

(B) जोधपुर

(C) जयपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

➡जोधपुर में देश का सबसे बड़ा और प्रदेश का पहला अंतरराष्ट्रीय स्तर का विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त पंचकर्म केंद्र बनकर तैयार हो गया है।

♦यह केंद्र 2.80 हेक्टेयर क्षेत्र में बना है और इस पर करीब 44 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

♦यहां प्राकृतिक तरीके से पंचकर्म पद्धति के साथ ही अनिद्रा, लकवा, चर्म रोग समेत कई बीमारियों का इलाज अनुभवी आयुर्वेद विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा।

08.राजस्थान देश में मिलावटखोरी पर कार्रवाई में कौनसे स्थान पर है?

(A) दूसरे

(B) तीसरे

(C) पहले

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण से फूड सेफ्टी एक्ट के तहत प्रदेश के लिए निर्धारित खाद्य सैम्पल का 284 प्रतिशत अधिक सैम्पल लेकर राजस्थान देश में मिलावटखोरी पर कार्रवाई में प्रथम स्थान पर है.

♦मिलावटी खाद्य सामग्री की जांच के लिए प्रदेश में अभी 11 टेस्टिंग लैब संचालित हैं. और बजट 2025-26 में 7 नई लैब और तैयार की जाएगी

**09. फीफा महिला विश्व कप 2035 की मेज़बानी कौन-सा देश करेगा?**

(a) ऑस्ट्रेलिया

(b) यूनाइटेड किंगडम

(c) ब्राज़ील

(d) कनाडा

**Important Facts:**

➥यूनाइटेड किंगडम 2035 फीफा महिला विश्व कप की मेज़बानी करने के लिए तैयार है.

♦इस संयुक्त बोली में इंग्लैंड, उत्तरी आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स के फुटबॉल संघ शामिल हैं.

♦यह घोषणा फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने सर्बिया के बेलग्रेड में यूईएफए कांग्रेस के दौरान की.

**10. शिवसुब्रमण्यम रमन को हाल ही में किस संगठन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?**




(a) भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)

(b) कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO)

(c) पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA)

(d) भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण IRDAI

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➥ शिवसुब्रमण्यम रमन को पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.

♦उनका कार्यकाल पाँच वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक होगा, जो भी पहले हो.

♦वे दीपक मोहंती की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल मई 2025 में समाप्त हो रहा है।

♦ रमन वर्तमान में भारत के CAG में उप नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं.

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा राज्य के किस विश्वविद्यालय को पहली बार 'ए' ग्रेड दिया गया?**

(a) स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय

(b) उदयपुर कृषि विश्वविद्यालय

(c) जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine